# रक्तदान सिर्फ सेवा नहीं, जीवन बचाने का संकल्प है : डीसी अजय कुमार

- रक्तदान कर किसी की जीवनरेखा बने : अंकुश मिगलानी
- हैफेड और रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 71 यूनिट रक्त एकत्रित



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है, जो किसी अनजान जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सिर्फ एक सेवा नहीं, बल्कि जीवन बचाने का एक संकल्प है, जिसे हर सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर निभाना चाहिए। उन्होंने यह बात हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड), जिला कार्यालय गुरुग्राम और रेड क्रॉस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही। यह शिविर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारी सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य सामाजिक सेवा, सहयोग और जनस्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था।

डीसी अजय कुमार ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक सोच, सहभागिता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मैं हैफेड और रेड क्रॉस के इस प्रयास की सराहना करता हूं और अपेक्षा करता हूं कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजन निरंतर होते रहें।

शिविर के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष, रेड क्रॉस हरियाणा राज्य शाखा अंकुश मिगलानी, सचिव रेड क्रॉस गुरुग्राम विकास कुमार, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर जितिन शर्मा तथा रेड क्रॉस स्टाफ उपस्थित रहे।

उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने इस अवसर पर कहा कि आप रक्तदान कर किसी की जीवनरेखा बनकर आगे रहे और सभी व्यक्तियों को हमेशा सेवा के लिए जागरूक करें।

इस रक्तदान शिविर में कुल 71 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे रेड क्रॉस के माध्यम से ज़रूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए संरक्षित किया जाएगा। रक्तदान में कार्यालय स्टाफ, युवाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह शिविर सामाजिक सहभागिता और जन-जागरूकता का प्रतीक बन गया।

शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधा भी नागरिकों को उपलब्ध कराई गई, जिसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, बीएमआई आदि की जांच की गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी सुझाव भी दिए गए। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाकर स्वास्थ्य के प्रति अपनी सजगता का परिचय दिया।

रक्तदान करने वाले सभी स्वयंसेवियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट प्रदान किए गए। प्रतिभागियों की सुविधा और ऊर्जा बनाए रखने हेतु शिविर स्थल पर रिफ्रेशमेंट की उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार का समग्र वातावरण सेवा, सम्मान और सौहार्द की भावना से ओतप्रोत रहा, जिसने इस कार्यक्रम को और भी सराहनीय एवं स्मरणीय बना दिया। शिविर के सफल संचालन में प्रशासक नरेंद्र भ्याना, डीएम सुरेश कुमार, विपणन अधिकारी रेणुका रिया सिंह और हैफेड जिला कार्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का समापन आयोजकों द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें सभी रक्तदाताओं, स्वास्थ्यकर्मियों, रेड क्रॉस टीम से कुणाल मंगला, कविता सरकार, वनिता पीटर, मंजू शर्मा, रोहिताश शर्मा और सहज शक्ति फाउंडेशन से अनिल मल्होत्रा व मीनाक्षी आदि उपस्थित अधिकारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## बिप्लब कुमार देब से मिले कृष्णपाल गुर्जर



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सोमवार को दिल्ली में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व हरियाणा भाजपा प्रभारी एवं सांसद बिप्लब देब से मिलने पहुंचे। बिप्लब कुमार देब ने केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का अपने आवास पर स्वागत किया। बिप्लब कुमार देब और कृष्णपाल गुर्जर के बीच लगभग आधा घंटा राजनीतिक व अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

# हैफेड और रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

## ▶▶ 71 यूनिट रक्त एकत्र, स्वास्थ्य जांच शिविर में मिली जनसहभागिता

**तहलका जज्बा/गीतिका**

**गुरुग्राम।** हैफेड और रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 71 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। डीसी अजय कुमार ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि रक्तदान सिर्फ सेवा नहीं, बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ाते हैं। रेड क्रॉस उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने कहा कि रक्तदान कर हम किसी की जीवन रेखा बन सकते हैं और समाज को सेवा के लिए प्रेरित कर सकते हैं। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, बीएमआई आदि की निःशुल्क जांच की गई और विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सुझाव भी दिए। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में प्रशासक नरेंद्र भ्याना, डीएम सुरेश कुमार, विपणन



अधिकारी रेणुका रिया सिंह सहित हैफेड व रेड क्रॉस टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर में सहज शक्ति फाउंडेशन का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# हैफेड और रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सहजशक्ति फाउंडेशन और स्मार्ट होमस की सहभागिता रही, 71 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया - मीनाक्षी रंजन

**सुस्मिहित समाचार एम.के.मौर्या**

गुरुग्राम, 7 जुलाईः डीसी अजय कुमार ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है, जो किसी अनजान जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सिर्फ एक सेवा नहीं, बल्कि जीवन बचाने का एक संकल्प है, जिसे हर सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर निभाना चाहिए।

उन्होंने यह बात हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड), जिला कार्यालय गुरुग्राम और रेड क्रॉस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही। यह शिविर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारी सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य सामाजिक सेवा, सहयोग और जनस्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था।डीसी अजय कुमार ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इसमाज में सकारात्मक सोच, सहभागिता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मैं हैफेड और रेड क्रॉस के इस प्रयास की सराहना करता हूं और अपेक्षा करता हूं कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजन निरंतर होते रहें।



सहजशक्ति फाउंडेशन की संस्थापिका मीनाक्षी रंजन ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और जरूरतमंदों की मदद करना था। शिविर के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष, रेड क्रॉस हरियाणा राज्य शाखा अंकुश मिगलानी, सचिव रेड क्रॉस गुरुग्राम विकास कुमार, रेड क्रॉस पेटरॉन अनिल मल्होत्रा व डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर जितिन शर्मा तथा रेड क्रॉस स्टाफ उपस्थित रहे।

उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने इस अवसर पर कहा कि आप रक्तदान कर किसी की जीवनरेखा बनकर आगे रहे और सभी व्यक्तियों को हमेशा सेवा के लिए जागरूक करें इस रक्तदान शिविर में कुल 71 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे रेड क्रॉस के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए संरक्षित किया जाएगा। रक्तदान में कार्यालय स्टाफ, युवाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह शिविर सामाजिक सहभागिता और जन-जागरूकता का प्रतीक बन गया।

शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधा भी नागरिकों को उपलब्ध कराई गई, जिसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, बीएमआई आदि की जांच की गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी सुझाव भी दिए गए। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाकर स्वास्थ्य के प्रति अपनी सजगता का परिचय दिया।

रक्तदान करने वाले सभी स्वयंसेवियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट प्रदान किए गए और मीनाक्षी रंजन सहजशक्ति फाउंडेशन और अनिल मल्होत्रा स्मार्ट होमस द्वारा सभी प्रतिभागियों को कप भेंट किए गए। प्रतिभागियों की सुविधा और ऊर्जा बनाए रखने हेतु शिविर स्थल पर रिफ्रेशमेंट की उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार का समग्र वातावरण सेवा, सम्मान और सौहार्द की भावना से ओतप्रोत रहा, जिसने इस कार्यक्रम को और भी सराहनीय एवं स्मरणीय बना दिया।

शिविर के सफल संचालन में प्रशासक नरेंद्र भ्याना, डीएम सुरेश कुमार, विपणन अधिकारी रेणुका रिया सिंह और हैफेड जिला कार्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का समापन आयोजकों द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें सभी रक्तदाताओं, स्वास्थ्यकर्मियों, रेड क्रॉस टीम से कुणाल मंगला, कविता सरकार, वनिता पीटर, मंजू शर्मा, रोहिताश शर्मा और सहज शक्ति फाउंडेशन से अनिल मल्होत्रा व मीनाक्षी आदि उपस्थित अधिकारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम निर्माणाधीन है। बिजली आपूर्ति की


# रक्तदान सिर्फ सेवा नहीं, जीवन बचाने का संकल्प है : डीसी



**कुमार प्रवेश, गुड़गांव टुडे**

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है, जो किसी अनजान जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सिर्फ एक सेवा नहीं, बल्कि जीवन बचाने का एक संकल्प है, जिसे हर सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर निभाना चाहिए। उन्होंने यह बात हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड), जिला कार्यालय पर रेड क्रॉस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर पर कही। यह शिविर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारी सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य सामाजिक सेवा, सहयोग व जनस्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। डीसी अजय कुमार ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक सोच, सहभागिता व सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मैं हैफेड और रेड क्रॉस के इस प्रयास की सराहना करता हूं व अपेक्षा करता हूं कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजन निरंतर होते रहें। शिविर के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष, रेड क्रॉस हरियाणा राज्य शाखा अंकुश मिगलानी, सचिव रेड क्रॉस गुरुग्राम विकास कुमार, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर जितिन शर्मा तथा रेड क्रॉस स्टाफ उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने इस अवसर पर कहा कि आप रक्तदान कर किसी की जीवनरेखा बनकर आगे रहे और सभी व्यक्तियों को हमेशा सेवा के लिए जागरूक करें। शिविर में कुल 71 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे रेड क्रॉस के माध्यम से ज़रूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए संरक्षित किया जाएगा।




DISTRICT OFFICE - HAFED, GURUGRAM
BLOOD DONATION &
FREE HEALTH CHECK-UP CAMP
Celebration Of United Nation
nternational Co-operative Week 2025
TIMING : 9:00 AM TO 3:00 PM
Supporting
ndations :
2025
International Year
of Cooperatives
SMART HOMEZ


DISTRICT HAFED, GURUGRAM
&
ISTRICT RED CROSS SOCIETY, GURUGRAM
Organise
BLOOD DONATION CAMP
&
HEALTH CHECKUP CAMP
SH. AJAY KUMAR
SH. AJAY KUMAR, IAS
DEPUTY COMMISSIONER, GURUGRAM